Stepping Stone School (High)
Sub: 2nd Lang. (Hindi)
Topic: Grammar
Class: V
Date - 4/5/20
Worksheet no - 8
Time Limit - 30 mins

Read the following thoroughly and copy the question and solve them on a sheet of paper. Then arrange the worksheets date wise in a file to be submitted on the opening day.

क्रिया

जिस शब्द से किसी काम का करना या होना पाया जाए, उसे क्रिया कहते हैं।

कर्म के आधार पर क्रिया के दो भेद होते हैं।



1. सकर्मक क्रिया – जिस क्रिया के साथ कर्म होता है, उसे सकर्मक क्रिया कहते हैं, जैसे – भूमिका सब्जी बना रही है। वह गेंद से खेलता है।
2. अकर्मक क्रिया – जिसमें कर्म नहीं होता है, अर्थात जिसका प्रभाव सिर्फ कर्ता पर हो, वह अकर्मक क्रिया होती है, जैसे- डॉक्टर जाता है। बस चलती है।

(दिए गए वाक्य में क्रिया के साथ क्या, किसे, किससे अथवा किसको प्रश्न पूछने पर यदि कोई उत्तर मिले, तो वह सकर्मक क्रिया होती है और यदि कोई उत्तर न मिले तो वह अकर्मक क्रिया होती है।

प्रश्न 1) क्रिया किसे कहते हैं? इसके कितने भेद होते हैं?
प्रश्न 2) भेदों के नाम परिभाषा सहित लिखिए।
प्रश्न 3) निम्नलिखित वाक्यों की क्रियाओं को पहचानकर उनके उचित भेद लिखिए –
(क) प्रीति दौड़कर जाएगी।
(ख) सौरभ क्रिकेट खेलता है।
(ग) सिपाही ने चोर को पीटा।
(घ) मोर नाच रहा है।

Scanned with CamScanner